भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 618

उत्तर देने की तारीख : 25.07.2024

बंद पड़े सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम

618. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत दस वर्षों के दौरान बंद किए गए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान बंद हो चुके सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के कारण राज्य-वार कितनी नौकरियों की हानि हुई है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री जीतन राम मांझी)

(क) और (ख): उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 01.07.2020 को पोर्टल की शुरुआत से लेकर अब तक इस पोर्टल पर 18,16,91,585 लोगों को रोजगार देने वाले 2,76,88,066 उद्यमों ने पंजीकरण किया है। इनमें से 0.17% या 3,17,641 लोगों को रोजगार देने वाले 49,342 उद्यमों का उसी अवधि के दौरान पोर्टल पर पंजीकरण रद्द कर दिया गया या उसे समाप्त कर दिया गया, ऐसा कई कारणों जैसे कंपनी के स्वामित्व में परिवर्तन, प्रमाण-पत्र की आवश्यकता न होने, दोहरे पंजीकरण तथा ऐसे अन्य कारणों की वजह से हुआ।

उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार पंजीकृत और बंद सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा तथा उनमें उपलब्ध रोजगार का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

उद्यम की शुरुआत (01.07.2020) से लेकर आज (22.07.2024) तक बंद हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और उद्यम पर घोषित रोजगार का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा					
क्र.सं.	राज्य	कुल एमएसएमई		बंद हुए एमएसएमई	
		पंजीकरण की संख्या	घोषित रोजगार	बंद हुए एमएसएमई की संख्या	घोषित रोजगार
1	आंध्र प्रदेश	8,91,772	81,13,963	996	6,049
2	अरूणाचल प्रदेश	13,780	1,44,463	3	26
3	असम	5,19,200	37,70,344	95	569
4	बिहार	11,20,314	72,99,199	2,414	15,317
5	छत्तीसगढ़	3,91,758	21,27,078	540	5,023
6	गोवा	55,475	3,07,016	107	321
7	गुजरात	19,60,478	1,07,68,419	4,861	22,345
8	हरियाणा	9,02,884	56,59,934	1,531	7,109
9	हिमाचल प्रदेश	1,67,359	9,36,007	273	1,729
10	झारखंड	4,70,172	30,85,120	831	12,040
11	कर्नाटक	15,66,955	1,48,31,073	2,240	13,317
12	केरल	6,48,803	35,70,191	1,336	12,672
13	मध्य प्रदेश	13,21,934	68,94,782	1,653	11,727
14	महाराष्ट्र	45,70,374	2,03,56,391	12,233	54,053
15	मणिपुर	72,285	5,11,365	150	1,031
16	मेघालय	22,974	1,38,201	3	54
17	मिजोरम	24,081	1,61,555	20	116
18	नागालैंड	25,341	1,54,928	21	130
19	ओडिशा	8,56,078	65,94,520	941	7,865
20	पंजाब	10,55,563	57,68,387	381	2,438
21	राजस्थान	19,84,510	1,08,20,966	3,857	20,370
22	सिक्किम	11,206	60,048	2	7
23	तमिलनाडु	27,28,096	2,01,59,119	6,298	43,324
24	तेलंगाना	9,66,791	1,05,32,924	1,236	17,899
25	त्रिपुरा	60,784	5,25,655	42	231
26	उत्तर प्रदेश	26,33,956	1,68,31,438	3,425	33,230
27	उत्तराखंड	2,71,172	16,19,076	522	7,842
28	पश्चिम बंगाल	11,41,061	1,07,72,215	1,548	8,856
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	12,911	2,35,034	60	185
30	चंडीगढ़	42,525	3,15,564	54	186
31	दिल्ली	6,75,489	60,37,065	947	8,210
32	जम्मू और कश्मीर	4,29,935	20,86,425	516	1,930
33	लद्दाख	11,066	42,811	10	21
34	लक्षदीप	942	3,548	-	-
35	पुडुचेरी	40,109	2,45,875	128	883
36	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	19,933	2,10,886	68	536
	कुल	**2,76,88,066**	**18,16,91,585**	**49,342**	**3,17,641**